Regarding clarification for the term `Gurjar` listed in OBC Category

श्री कंवर सिंह तंवर **(**अमरोहा**) :** महोदया, मेरा विषय ओबीसी सूची में ?गुर्जर? शब्दावली स्पष्टीकरण से संबंधित है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान चण्डीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश के विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की दिशा में कराना चाहता हूं । इस भर्ती प्रक्रिया में पूरे देश से आवेदन स्वीकार किए गए थे । इसी क्रम में जिन उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा पास की, उन्हें अभिलेख परीक्षण हेतु बुलाया गया था, जिसमें जो उम्मीदवार उत्तर प्रदेश में गुर्जर जाति से सम्बन्ध रखते हैं, उनको ओबीसी सूची से यह कह कर बाहर कर दिया गया कि उनकी जाति प्रमाण पत्र में लिखित उनकी जाति की शब्दावली (स्पैलिंग) चण्डीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश की ओबीसी सूची में लिखित शब्दावली से मिलान नहीं करती है ।

केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली गुर्जर जाति को रेजोल्युशन (संकल्प संख्या) नम्बर 12011/68/93 बीसीसी(सी) दिनांक 10/09/1993 के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में पंजीकृत किया गया था तथा केन्द्र सरकार द्वारा जो जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, उसमें गुर्जर जाति की शब्दावली ?गुजर? लिखी जाती है और चण्डीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश की ओबीसी सूची में शब्दावली गुर्जर लिखी गई है, जो मूलत: एक ही है । ? (व्यवधान)